नॉलेज पार्क-2 से ई-रिक्शा के जरिए एक्सपो तक जा सकेंगे लोग

नोएडा : एनएमआरसी के मेट्रो स्टेशन से ऑटो एक्सपो के लिए होगी सीधी कनेक्टिविटी

पीक व नॉन पीक आवर्स में बढ़ाई मेट्रो की फ्रिक्वेंसी

नोएडा। सात से 12 फरवरी तक ग्रेटरनोएडा के एक्सपोमार्ट में चलने वाले ऑटो एक्सपो के लिए एनएमआरसी लोगों को विशेष सुविधा देने जा रही है। एनएमआरसी ने मेट्रो ट्रेन की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के साथ ऑटो से सीधे कनेक्टिविटी की प्लानिंग की है। इससे एक्सपो जाने वाले लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा साथ ही मेट्रो स्टेशनों से ही एक्सपो के टिकट लिए जा सकेंगे। ऐसे में वह प्रदर्शनी स्थल के बाहर लगने वाली लंबी लाइन से बच सकेंगे। वहीं, डीएमआरसी के मेट्रो स्टेशनों पर एक एक्सो के लिए डेस्क बनाई जाएगी जिससे लोग एक्सपो की जानकारी व एनएमआरसी की मेट्रो की जानकारी ले सकेंगे। एक्वा लाइन यात्रियों को सीधे ऑटो एक्सो स्थल से जोड़ेगी। एक्वा लाइन के यात्री नॉलेज पार्क-11 स्टेशन तक यात्रा कर सकते है। यह स्टेशन प्रदर्शनी स्थल के सबसे ज्यादा निकट महज 500 मीटर की दूरी पर है। इस दूरी को पार करने के लिए यहा 10 ई-रिक्शा चलाई जाएंगी। इस रिक्शा का अधिकतम किराया प्रति व्यक्ति 10 रुपए होगा। एक्सपो आने वाले लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एनएमआरसी ने पीक आवर्स के दौरान 6 मिनट और नॉन पीक आवर्स में 7.5 मिनट के अंतराल से चलेगी । वर्तमान में ट्रेन पीक आवर्स में 7.5 मिनट और नॉन पीक आवर्स में 10 मिनट के अंतराल पर चलती है।